# प्रतापपुरा के विकास में कोई कमी नहीं आएगी : मंत्री बृजेंद्र ओला


जिले के निकटवर्ती ग्राम पंचायत प्रतापपुरा में अनेकों विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया।

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिले के निकटवर्ती ग्राम पंचायत प्रतापपुरा में शनिवार को अनेकों विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया। सुबह सवा 11 बजे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में शुरू हुए समारोह के मुख्य अतिथि परिवहन एवं सड़क सुरक्षा मंत्री बृजेंद्रसिंह ओला थे।

इस अवसर पर मंत्री ओला ने कहा कि प्रतापपुरा पंचायत का जो सहयोग मिलता आ रहा है। उसका दुगुना लौटा रहा हूं। उन्होंने कहा कि आज जिले की मेडिकल कॉलेज भी इसी पंचायत में निर्माणाधीन है। जो अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। ओला ने कहा कि क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

इसके साथ ही उन्होंने प्रतापपुरा सरपंच शांति देवी के द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों की भी प्रशंसा की। मंत्री ओला ने मंच से चारणवास के सरकारी स्कूल में चार कमरे बनवाने की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता झुंझुनूं पंचायत समिति प्रधान पुष्पा चाहर ने की। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का सम्मान भी किया गया।

इससे पहले परिवहन मंत्री ओला ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समेत दर्जनों विकास कार्यों का लोकार्पण किया। प्रतापपुरा सरपंच शांति देवी ने सभी का आभार जताया।

कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस नेता खलील बुडाना ने किया। इस अवसर पर पूर्व कांग्रेस के जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह झाझड़िया, पूर्व सरपंच महेशचंद्र चाहर, सीएमएचओ डॉ. राजकुमार डांगी, बीसीएमओ डॉ. मनोज डूडी, मोहरसिंह सोलाना, पूर्व सरपंच हरफूल सिंह, महेंद्र जानूं, सुनील जानूं, तैयब अली, सचिन कांटीवाल, युवा कांग्रेस नेता विकास गुर्जर, लालचंद सैनी, मदनलाल सैनी इत्यादि बतौर अतिथि रहे।

इसके बाद परिवहन मंत्री बृजेन्द्र सिंह ओला का भरगडों की ढाणी में भी माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान उनके साथ प्रधान पुष्पा चाहर एवं सरपंच शांति देवी भी मौजूद रही।

## कर्मचारी राज्य सरकार को आईना दिखाने का काम करेंगे

**झुंझुनूं,** (निसं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिलाध्यक्ष दुर्गाराम मोगा ने बताया कि राजस्थान भर के कर्मचारियों की एक विशाल रैली जो एक लाख पार होगी 23 जनवरी को रामनिवास बाग से 11 बजे विधानसभा तक रैली के माध्यम से प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें कर्मचारी इस सरकार को आईना दिखाने का काम करेंगे तथा जो कर्मचारी संगठनों के साथ समझौते हुए हैं। उनकी पालना सुनिश्चित हो उसके साथ ही 15 सूत्री मांग पत्र पर अमल हो यह मुख्य मांगे हैं। उसी संदर्भ में झुंझुनूं जिले में भी 23 जनवरी को रैली के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। झुंझुनूं में ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह व प्रदेश प्रतिनिधि अंजेश ने व कानूनगो संघ जिलाध्यक्ष राजेश आहलूवालिया ने एक परिपत्र जारी करके अपने संगठनों के कर्मचारियों ने सामूहिक अवकाश लेकर रैली में भाग लेने का निर्णय किया है। दुर्गाराम मोगा ने जिले के कर्मचारियों से व महासंघ के घटक संगठनों से निवेदन किया है कि उसी तर्ज पर सभी कर्मचारियों को सामूहिक अवकाश लेकर इस महारैली में भाग लेने के लिए प्रेरित करने का काम करें। पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष गुमानसिंह देसवाल ने भी सामूहिक अवकाश लेने का निर्णय किया है।

# 'नव मतदाता के मन में पहली बार वोट डालने का एक अलग ही उत्साह होता है'

- 'सभी कार्यकर्ता सकारात्मक रूप से लोगों के मध्य जाकर मतदाताओं से मिलेंगे व उनका उत्साहवर्धन कर सम्मान करेंगे'
- झुंझुनूं विधानसभा नव मतदाता अभियान भाजपा की कार्यशाला संपन्न

**झुंझुनूं,**(निसं)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में आयोजित नवम मतदाता अभियान के अंतर्गत झुंझुनूं विधानसभा की कार्यशाला चूरू रोड स्थित अंबेडकर भवन में भाजपा जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

इस मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया ने कहा कि नव मतदाता अभियान तीन चरणों में पूर्ण होगा जिसके अंतर्गत प्रथम चरण में कार्यकर्ता विधानसभा के सार्वजनिक स्थल देवस्थान आदि पर जाकर नव मतदाताओं से संपर्क कर उनका सम्मान करेंगे तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में उन्हें बताएंगे इसके पश्चात द्वितीय चरण में विद्यालयों- महाविद्यालयों में जाकर युवाओं से संपर्क कर नव मतदाता अभियान को पूर्ण करेंगे व अंतिम तृतीय चरण में विधानसभा के प्रत्येक बूथ पर घर-घर जाकर नव मतदाताओं से संपर्क कर उन्हें पहली बार वोट डालने के लिए प्रेरित करेंगे।

सांसद नरेंद्र कुमार खीचड ने कहा कि सभी कार्यकर्ता सकारात्मक रूप से लोगों के मध्य जाकर मतदाताओं से मिलेंगे व उनका उत्साहवर्धन कर सम्मान करेंगे। उन्होंने कहा कि नव मतदाता के मन में पहली बार वोट डालने का एक अलग ही उत्साह होता है, उनसे मिलकर पहली बार वोट के लिए प्रेरित कर केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देना प्रत्येक कार्यकर्ता का कर्तव्य है।

इनके अलावा विधानसभा के नव मतदाता अभियान संयोजक ललित जोशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश शर्मा बगड, रामनिरंजन पुरोहित, बगड नगरपालिका के चेयरमैन गोविंद सिंह राठौड व महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष विमला चौधरी भी अतिथि के रूप में मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शहर मंडल अध्यक्ष कमल कांत शर्मा ने किया जबकि धन्यवाद अभियान संयोजक ललित जोशी ने दिया। इनके अलावा वरिष्ठ कार्यकर्ता महेश जीनगर ने भी अपने विचार रखे।

इस मौके पर भाजपा पूर्व जिला उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह काली पहाडी, झुंझुनूं ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भादर मल स्वामी, कुलोद मंडल अध्यक्ष सतीश खीचड, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष शौकत अली चौहान, युवा मोर्चा जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह शेखावत, नगर मंडल उपाध्यक्ष महेंद्र सोनी, रामनिवास सैनी, ताराचंद सैनी, नगर मंत्री चंद्र प्रकाश शुक्ला, जगदीश गोस्वामी, विनोद जांगिड, कैलाश कुमावत, पार्षद विजय कुमार सैनी, एससी मोर्चा जिला महामंत्री विजय चावला, ममता शर्मा, गायत्री पुजारी, अरूणा सिहाग, राकेश सहल , चंद्रप्रकाश जोशी, हरी किशन शुक्ला, श्री राम सैनी, शक्ति केंद्र संयोजक नरेंद्र शर्मा, आईटी प्रमुख सौरभ सोनी, अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष खलील सिलावट, नरेश शर्मा बगड, लीलाधर पुरोहित, श्रीराम गुरी, झुंझुनूं ग्रामीण संयोजक विजेंद्र सिंह शेखावत, सुल्ताना मंडल संयोजक रूद्र प्रताप सिंह, सह संयोजक विकास सिंह, झुंझुनूं शहर संयोजक दिलीप सैनी, कुलोद मंडल संयोजक हर लाल डांगी, बगड मंडल संयोजक रोशन स्वामी, सह संयोजक सुदर्शन चोमाल, मनीष कुमार, नंद लाल सैनी सहित बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

**चूरू,** (कासं)। विप्र फाउण्डेशन की जिला कार्यकारिणी की बैठक आज शनिवार को स्थानीय परशुराम भवन में जिलाध्यक्ष विश्व नाथ शर्मा राजगुरु, संरक्षक बनवारी लाल शर्मा, फतेह चंद सोती, मंगतूराम चोटिया के सानिध्य में आयोजित की गई। मीडिया जिला प्रभारी श्रवण महर्षि ने बताया कि इस अवसर पर आगामी अप्रैल माह में विप्र समाज के अविवाहित युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन आयोजित कर स्मारिका का प्रकाशन करने का प्रस्ताव लिया गया। श्रवण महर्षि ने बताया कि बैठक में परिचय सम्मेलन सफल हो इस और हरेक गांव का सर्वे किया जाकर अविवाहित युवक-युवतियों की सूची बनाई जावेगी। जिसके लिए तहसील अध्यक्षों को जिम्मा सौंपा गया है। कार्यकारिणी की इस बैठक में महेंद्र चौबे, दिनेश शर्मा सालासर, महेश हारित, हमेन्द्र पारीक सालासर, विधाधर सहनाली, राकेश पारीक सरदारशहर, मनोहर लाल शर्मा तारानगर, महावीर महर्षि, देवीदत महर्षि, विनोद मेहता रतनगढ़, सुरेश सारस्वत, दिनेश शर्मा, नरेंद्र काछवाल, मुकेश ओझा, मनोज जोशी, महिमा शर्मा जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, संदीप, परमेश्वर तिवाडी सहित कार्यकारिणी सदस्यों ने उपस्थित होकर सुझाव दिए।

### महासचिव अली खान का अभिनन्दन किया

**चूरू,** (कासं)। इंसानियत सेवा समिति के महासचिव करामत अली खान के सादुलपुर पहुँचने पर समिति के पदाधिकारियों ने खान का माल्यर्पण कर व प्रतिक चिन्ह् प्रदान कर भव्य स्वागत किया। गौरतलब है कि इंसानियत एकता सेवा समिति की ओर से 11 दिसम्बर से जरूरतमंद लोगों को कबंल वितरण का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आज सादुलपुर रेलवे स्टेशन व मदीना मार्किट में भी जरूरतमंद लोगों को कमल वितरित किये गये। इस अवसर पर समिति के महासचिव करामत अली खान ने कहा कि जरूतमंद व्यक्ति की सेवा से बड़ा कोई पुण्य का कार्य नहीं है। उन्होंने बताया कि सर्दी में कबंल वितरण के कार्य को आज 40 दिन हो गये। इन 40 दिनों में चूरू सहित सादुलपुर, रामगढ़, फतेहपुर, रतनगढ़, बिसाऊ सहित दर्जनों जरूरत मन्द लोगों को कंबल वितरण किया गया है। इस अवसर पर ख्वाइस एन जिओ की अध्यक्ष रिहेना पठान ने कहा कि हमें बिना किसी जाति धर्म के नि:स्वार्थ भाव से कार्य कर जरूरतमंद की सेवा करनी चाहिये।

### बी.एल भाटी ने मंत्री भजनलाल जाटव से मुलाकात की

**सुजानगढ** (कासं)। भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बी.एल भाटी ने जयपुर में जयपुर में सार्वजनिक निर्माण मंत्री भजनलाल जाटव से मुलाकात कर सुजानगढ क्षेत्र की सङकों की स्थिति व गुणवता के बारे में चर्चा की। भटी ने मंत्री का ध्यान सुजानगढ विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख मांगों की ओर केंद्रित किया। भाटी ने मंत्री जाटव को बताया कि दो साल से स्वीकृत सुजानगढ-छापर सडक का आरओबी का निर्माण आज तक शुरू नहीं होने के कारण आमजन को परेशान होना पड रहा है। भाटी ने सुजानगढ विधानसभा क्षेत्र की मुख्य सङक, साण्डन-मालासी, मलसीसर से वाया बोबासर सुजानगढ, गनोडा से लालगढ तक के मुख्य मार्ग सडक को और चौडा करने की मांग की । भाटी ने इस सङक को अपग्रेड कर एमडीआर श्रेणीबद्ध कर सडक के लिये इसी बजट में स्वीकृति जारी करवाने की मांग की। मंत्री जाटव ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

### अस्थाई कर्मचारियों ने ज्ञापन दिया

**झुंझुनूं,** (निसं)। राजस्थान अस्थाई कर्मचारी संघ हल्ला बोल की ओर से प्रदेश के सभी राजकीय विभागों में कार्यरत प्लेसमेंट एजेंसी/सेवा प्रदाता फर्म/डेली वेजेज/ठेका प्रथा, मेन विद मशीन आदि विभिन्न किसी भी माध्यम से कार्यरत अस्थाई कर्मचारियों को संविदा नियम-2022 में अडॉप्ट कर नियमित पदवार न्यूनतम वेतन 25 हजार प्रतिमाह देने की मांग को लेकर सचिन पायलट को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन अनूप कुमार के नेतृत्व में दिया गया। ज्ञापन देने वालो में किशन लाल , सन्दीप कुमार, अनिल चाहर, सुशील, सुरेंद्र बराला, आशीष, मनीष रणवा, बंटी, प्रवीण, सोहन लाल आदि लोग विभिन्न विभागो से मौजूद थे।

### विद्यार्थियों को फल वितरित किये

**सुजानगढ** (का.स)। स्थानीय मांडेता स्थित सरकारी विद्यालय में परमार्थ सेवा संस्थान द्वारा फल वितरण कार्यक्रम रखा गया। स्व. तोलाराम माटोलिया की 11वी पुण्य तिथि पर आयोजित फल वितरण कार्यक्रम में विद्यालय में बच्चों को फलों का वितरण किया गया। समाज सेवी यशोदा माटोलिया ने बच्चो को देश दुनिया की जानकारी बताई व पढाई के महत्व पर प्रकाश डाला। संस्था प्रधान मुकेश ने अतिथियों का स्वागत किया शाला स्टाफ मनीष, सरोज, एकता, भवानी, गीता, इंद्रा, फिरोन, चंद्रकला, सिमरन आदि ने सहयोग किया।

### स्व. सीगडा की पुण्यतिथि आज

**झुंझुनूं,**(निसं)। झुंझुनूं पंचायत समिति के पूर्व प्रधान व समाजसेवी स्व. बृजलाल सीगडा की 26 वीं पुण्यतिथि आज उनके पैतृक गांव सीगडा में उनके स्मारक स्थल पर प्रातः 10.30 बजे मनाई जायेगी। इस अवसर पर बृजलाल सीगडा स्मारक संस्थान द्वारा श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया जायेगा जिसमें अनेक जनप्रतिनिधिगण, आसपास के ग्रामीणजन व सीगडावासी उनकी आदमकद प्रतिमा के आगे श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे व उनके बताये आदर्श व सद्मार्गो पर चलने का संकल्प लेंगे।

### प्रशिक्षण का समापन

**चूरू,** (कासं)। डाइट में चल रहे तीन दिवसीय प्रधानाचार्य व महिला पर्यवेक्षक के ईसीसीबी प्रशिक्षण का समापन शनिवार को हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डाइट प्रधानाचार्य गोविंद सिंह राठौड़ थे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास विभाग की महिला पर्यवेक्षक ज्योति वर्मा ने की। इस अवसर पर डाइट प्रधानाचार्य गोविंद सिंह राठौड़ ने प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए सभी संभागों को आगे ब्लॉक लेवल पर देने वाले प्रशिक्षण को रुचिकर बनाने व प्रशिक्षण को फॉर्मल ना बनाकर गतिविधि आधारित बनाने की बात कही।

## भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित

**चूरू,** (कासं)। राजकीय बालिका बागला उच्च माध्यमिक विद्यालय के वार्षिकोत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। नगरपरिषद सभापति पायल सैनी ने बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि आज हम बालिका शिक्षा पर समानता की बात करते हैं लेकिन हमारे व्यवहार में अभी तक यह बदलाव नहीं आया है। जब तक हमारे व्यवहार में बदलाव नहीं आयेगा तो हम समाज में बालिका शिक्षा में बदलाव नहीं ला सकते। बालिका अगर शिक्षित होगी तो वह समाज में बदलाव ला सकती है। संस्था प्रधान निर्मला गहलोत ने बताया कि विद्यालय परिवार के 17 शिक्षकों को 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए सम्मानित किया गया। अतिथियों ने गत सत्र में प्रत्येक वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया।

# 'विद्यालय ही विद्यार्थियों के संस्कार का केन्द्र'


महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय ( अंग्रेजी माध्यम ) खासोली में वार्षिकोत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया। वार्षिकोत्सव में भामाशाहों का सम्मान व पुरातन विद्यार्थी सम्मेलन भी आयोजित किया गया।

**चूरू,** (कासं)। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) खासोली में शनिवार को वार्षिकोत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया। प्रधानाचार्य गीता भाटिया ने बताया कि वार्षिकोत्सव पर भामाशाहों का सम्मान व पुरातन विद्यार्थी सम्मेलन भी आयोजित किया गया।

इस अवसर पर नवनिर्मित विज्ञान प्रयोगशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व जिला प्रमुख हरलाल सहारण ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कमल रामसरा थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। प्रधानाचार्य गीता भाटिया ने स्वागत भाषण व वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

उप प्रधानाचार्य सरोज सैनी ने अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर शिक्षाविद् दूलदान चारण ने खिड़कियों के शीशे लगाने के लिये 5100 रुपये व हरलाल सहारण ने 25 सैट छात्रों के लिये फर्नीचर देने की घोषणा की। इस अवसर पर पूर्व जिला प्रमुख हरलाल सहारण ने कहा कि विद्यालय ही बालकों के संस्कारों का केन्द्र है। उन्होंन कहा कि इसी विद्यालय से अनेक प्रतिभायें निकली है, जो कई बड़े पदों पर आसीन है।

कार्यक्रम में भामाशाह किशनलाल खरींटा, सत्यनारायण दर्जी, फूलचन्द किरोड़िया, शुभकरण दैया, सुनिल शर्मा, सुखाराम, ईश्वरराम हुणतपुरा ने भी बच्चों की मिठाई व विद्यालय विकास के लिये 500-500 रुपये की नकद राशि प्रदान की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर खूब वाह वाही लूटी।

प्रभारी सरोज सैनी व कम्प्यूटर शिक्षक द्वारका प्रसाद टेलर के निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर अतिथियों ने विद्यालय के पूर्व व वर्तमान प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर महावीर सिंह, रणवीर सिंह, अनिल कुमार बुडानियां, कन्हैया लाल सैनी, ताराचन्द, मोतीराम सहारण, सुधा कुमारी, रणजीत कुमार, रतन सिंह, मुकलेश कुमार, अनिता, सुमन, नसरीन, सुमित्रा, कमलेश पायल, संजय रूयल, शारदा दैर्हड़, राजकुमार सिंह, जुगल किशोर, सरोज सैन सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी व ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिव कुमार शर्मा ने किया।

# कुरडाराम धींवा को जाट गौरव सम्मान से नवाजा

**झुंझुनूं,** (निसं)। श्री वीर तेजा जाट छात्रावास समिति के तत्वावधान में आयोजित 5 वां वीर शिरोमणि महाराजा सूरजमल अन्तर्राष्ट्रीय जाट प्रतिभा सम्मान एवं शहीद आदरांजलि समारोह में जीवेम् छात्रावास निदेशक एवं राजस्थान राज्य जाट महासभा के महासचिव कुरडाराम धींवा पुत्र मुकुन्दाराम को जाट गौरव सम्मान से नवाजा गया।

जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ. रवि शंकर शर्मा ने बताया कि आयोजित समारोह में राजाराम मील (अध्यक्ष,राज.जाट महासभा), रमा चैपडा (जिला प्रमुख -जयपुर) महेन्द्र चैधरी (जिला प्रमुख-बाडमेर ), बलबीर सिंह (जिला प्रमुख-अलवर), रतनी देवी (जिला प्रमुख-राजसमंद), भागीरथ चौधरी (जिला प्रमुख-नागौर), डॉ. सुनिल गर्सा (कॉर्डियालोजिस्ट- दाना शिवम हॉस्पिटल, जयपुर), वीरेन्द्र चौधरी (संयोजक), डॉ. एन.सी.पूनिया (न्यूरो सर्जन जयपुर) तथा रामस्वरूप सेवलिया (एडवोकेट) एवं श्री राधेश्याम गोदारा (अध्यक्ष जाट महासभा राज.) के विशिष्ट आतिथ्य में सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर कुरडाराम धींवा को सम्मानित किया गया। राजाराम मील ने उनको बधाई देते हुए कहा कि आपने सामाजिक क्षेत्र में हर वर्ग के लिए बेहतरीन कार्य कर सम्पूर्ण राजस्थान को गौरवान्वित किया है। आपका यह योगदान हमेशा अविस्मरणीय स्मृति के रूप में याद रखा जाएगा। हम सभी आपके उज्ज्वल भविष्य, दीर्घायु होने व सदैव उन्नति करते रहने की मंगल कामनाएं करते हैं। इस सम्मान की खुशी जताते हुए कुरडाराम धींवा ने सभी का आभार व्यक्त किया एवं कहा कि निस्वार्थ भाव से की गई सेवा एवं कार्य कभी निष्फल नहीं होते। मुझे इस सम्मान के लिए चुना गया यह मेरे जीवन के लिए बहुत बडी उपलब्धि है। गौरतलब है कि धींवा इससे पहले भी अपने उल्लेखनीय कार्यों व समाज के लिए किए गए निस्वार्थ सेवा कार्यों के लिए कई मंचों पर सम्मानित हो चुके हैं। इस अवसर पर जीवेम् चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी, मैनेजिंग डायरेक्टर नीरजा मोदी, स्कूल निदेशक आशुतोश मोदी, आकाश मोदी, जॉली एंजेल्स डायरेक्टर रानू मोदी, क्रिएटिव डायरेक्टर गरिमा मोदी, जीवेम् समूह की सभी स्कूलों के पदाधिकारीयों, उप.प्राचार्य सरोज सिंह, हैड मिस्ट्रेस उमा शर्मा, प्रशासक कमलेश कुलहरि, अमित कुमार शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, हैड वार्डन महेश डूडी, मनोज शर्मा, समस्त स्टॉफ मेंबर्स एवं उनके पैतृक ग्राम बिशनपुरा तथा ग्राम पंचायत के सभी गणमान्य लोगों के साथ-साथ उनके परिवार जनों एवं सभी रिश्तेश्दारों ने भी कुरडाराम धींवा को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

## जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर बांटे

**सुजानगढ़** (कासं)। स्थानीय दी यंग्स क्लब ऑफ के स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में गत दिवस को राजकीय सुजानगढ नागरिक परिषद उमावि में दिल्ली निवासी स्व.सविता देवी मेहंदीरत्ता की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र संदीप मेंहदीरत्ता के सौजन्य व विनय भोजक की प्रेरणा से जरूरतमन्द विधार्थियों को स्वेटर्स उपलब्ध करवाए गए। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा के अनुसार कार्यक्रम में 5 सरकारी विद्यालयों के 225 विद्यार्थियों को स्वेटर्स वितरित किये गए। शर्मा ने आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गुलेरिया, ढाणी झलाई तलाई, ढाणी मांडेता, राज उच्च माध्यमिक विद्यालय ग्राम बडाबर व स्थानीय सुजानगढ नागरिक परिषद विद्यालय के जरूरतमन्द विद्यार्थी लाभान्वित हुए।

# आर टी एच बिल के विरोध में सांकेतिक हड़ताल आज

**झुंझुनूं,**(निसं)। आई एम ए झुंझुनूं सचिव डॉ. लालचन्द ढाका ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार अपनी हठधर्मिता के कारण राइट टू हेल्थ बिल को चिकित्सकों की बिना राय के ही चिकित्सकों पर थोपना चाहती है।

18 जनवरी 2023 को चिकित्सा सचिव की अध्यक्षता में चिकित्सा एसोसिएशन के पदाधिकारी के साथ हुई मीटिंग के बाद भी प्रवर समिति के अध्यक्ष चिकित्सा मंत्री का वक्तव्य की सरकार चिकित्सकों से नहीं जनता से बनती है बडा खेद जनक है इससे सरकार की मंशा जाहिर होती है।

23 जनवरी को प्रवर समिति की बैठक होनी है उनको सनद रहे कि चिकित्सा वर्ग आपके इस अन्याय पूर्ण व तानाशाही कार्य का पुरजोर विरोध करेगा इस क्रम में 22 जनवरी रविवार को संपूर्ण राजस्थान में सभी चिकित्सा संस्थाओं में प्रातः 8 से रात्रि 8 बजे तक सांकेतिक बंद रहने का आव्हान किया जाता है।

आई एम ए झुंझुनूं सचिव डॉ. लालचन्द ढाका ने सभी से निवेदन किया है कि सांकेतिक बंद को इस बिल के विरोध स्वरूप पहला कदम मानते हुए आगे की आंदोलन की तैयारी शुरू करें। शनिवार को आई एम एम जयपुर एवं विभिन्न संगठनों के द्वारा दोपहर 3.30 बजे एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। आई एम ए जयपुर ब्रांच के डॉक्टर अनुराग शर्मा और आई एम ब्रांच के मीडिया प्रभारी डॉ. संजीव गुप्ता आई एम ए स्टेट, उपचार एमपीएस, एसबीआई के पदाधिकारियों के साथ इसे संबोधित किया।

राजस्थान मेडिकल एसोसिएशन, राजस्थान मेडिकल कॉलेज टीचर, उपचार, एमसी टीएआर, जे ए आर डी एवं अन्य संगठनों ने इसमें भाग लिया इसी क्रम में आई एम ए झुंझुनूं एवं उपचार झुंझुनूं भी आज आपातकालीन सेवाओं को छोडकर सांकेतिक हडताल की पक्षधर है जिसमें जिले के समस्त चिकित्सक समुदाय एवं निजी चिकित्सालयों का सहयोग अपेक्षित है।

आई एम ए झुंझुनूं सचिव डॉ. लालचन्द ढाका ने आव्हान किया कि आपका सहयोग चिकित्सक हित के लिए आंदोलन को मजबूती प्रदान करेगा तथा सरकार के सामने चिकित्सकों की एकता का संदेश जाएगा जो कि 23 जनवरी को प्रवर समिति की मीटिंग से पहले अति आवश्यक है।

# 'शहरी क्षेत्र में भी प्रतिभाओं को आगे लाने का काम किया जा रहा है'

- शहरी ओलंपिक खेलों को लेकर पालिका अध्यक्ष ने खेल मैदान का निरीक्षण किया
- प्रतियोगिताओं में अब तक 813 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं


पालिका अध्यक्ष गीता सैनी ने निरीक्षण के समय खेल मैदान को सुदृढ़ बनाने में लगी नरेगा व नगरपालिका की टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

**खेतडी,** (निसं)। राज्य सरकार की ओर से शहरी क्षेत्र में करवाए जा रहे राजीव गांधी शहरी ओलंपिक खेलों को लेकर शनिवार को पालिका अध्यक्ष ने खेल मैदान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खेल मैदान के कार्य में लगे कर्मचारियों की टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

पालिका अध्यक्ष गीता सैनी ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से करवाए जा रहे शहरी ओलंपिक खेल प्रतिभाओं को आगे लाने में सबसे बडा कदम होगा। सरकार की ओर से इससे पूर्व ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतियोगिताएं करवाई गई थी जिसमें खिलाडियों ने भाग लेकर अपने दमखम से राज्य स्तर तक पहचान बनाई है उसी क्रम में अब सरकार की ओर से शहरी क्षेत्र में भी प्रतिभाओं को आगे लाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शहरी ओलंपिक खेलों में खो-खो, वॉलीबाल, टेनिस, फुटबॉल, एथलेटिक्स सहित अन्य प्रतियोगिताओं का 26 जनवरी से आयोजन करवाया जाएगा।

इसके लिए सरकार की ओर से बनाए गए पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाए जा रहे हैं । खेतडी में अब तक विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए 813 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं इनमें 682 पुरूष व 131 महिलाएं शामिल है। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि इन खेलों में सबसे बडी बात यह है कि इन में भाग लेने के लिए उम्र की कोई समय सीमा नहीं है। प्रत्येक वर्ग के लोग व महिलाएं प्रतियोगिता में भाग लेकर अपना कौशल दिखा सकते हैं।

इस दौरान उन्होंने निरीक्षण के समय खेल मैदान को सुदृढ बनाने में लगी नरेगा व नगरपालिका की टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष लीलाधर सैनी, पार्षद राहुल सैनी, अमित सैनी, अंकित शास्त्री, एसआई सुनील सैनी, पार्षद सुनीता सैनी, अनिल कुमार, बंटी जयदिया सहित अन्य कर्मचारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।


**कार्यालय नगर परिषद् झुंझुनूं (राजस्थान)**

क्रमांकः-एफ-6()भूमि/2022-23/16450-51 दिनांक-11/01/2023

**-:आपत्ति विज्ञप्ति :-**

यत निम्न आवेदक ने उसके नाम के आगे अंकित भूमि का भू-उपयोग मास्टर प्लान में चिन्हित भू-उपयोग के अनुसार भू-उपयोग परिवर्तन कराना चाहता है। अतः राजस्थान नगरपालिका भू-उपयोग परिवर्तन नियम-2010 के अन्तर्गत 15 दिवसीय आपत्ति-विज्ञप्ति आमंत्रित की जाती है, बाद समयावधि प्राप्त आपत्तियां विचारणीय नहीं होगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | भूमि की विवरण | आवेदित भूमि का वर्तमान भू-उपयोग | वांछित भू-उपयोग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री संदीप शर्मा पुत्र बजरंग लाल शर्मा निवासी- वार्ड नं. 17 रेलवे स्टेशन रोड, नेहरू मूर्ति के पास चिड़ावा झुंझुनूं | भूखण्ड संख्या 28 सीकर रेलवे फाटक के दक्षिण का भाग-1, क्षेत्रफल 4199.20 वर्गगज | आवासीय | व्यवसायिक |

**आयुक्त, नगर परिषद् झुंझुनूं**

**कार्यालय नगरपालिका, सूरजगढ़, जिला-झुंझुनूं राजस्थान**

प्रारूप- 10

(नियम-6(7) देखिए)

क्रमांक :- न.पा.सू/2022-23/8788 दिनांकः - 20.01.2023

**लोक सूचना**

राजकुमार मान शिक्षा समिति भोबियां जरिये सचिव कोशल्या कुमारी पत्नी होशियार सिंह निवासी-गांव भोबिया, तहसील-सूरजगढ़ जिला-झुंझुनूं ने सूरजगढ़ राजस्व ग्राम सूरजगढ़ के खसरा नम्बर-82 रकबा 0.78 भूमि हेतु इस कार्यालय में भूमि का गैर कृषिक (संस्थानिक) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अधिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अधिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को कोई आक्षेप नहीं है। तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मोहर के अधीन आज............को जारी की गई है।

**अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका, सूरजगढ़, जिला झुंझुनूं (राज.)**